<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–10 अक्टूबर 2024</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- केन्द्रीय मंत्रिमण्डल का फैसला– वर्ष दो हजार अट्ठाइस तक जारी रहेगी सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले चावल की आपूर्ति।
- देश के जाने–माने उद्यमी रतन टाटा का निधन। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई जनप्रतिनिधि और उद्यमियों ने जताया गहरा शोक।
- सपा ने विधानसभा उपचुनाव के लिए दस में से छः सीटों पर उतारे उम्मीदवार। मैनपुरी के करहल से तेजप्रताप और अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से अजीत प्रसाद लड़ेंगे चुनाव।
- सीओ जियाउल हक हत्याकाण्ड के सभी दस दोषियों को सीबीआई की विशेष अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा।
- लखनऊ में इक्कीस से सत्ताइस नवम्बर के बीच खेले जाएंगे इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के छः मैच। सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा समेत कई दिग्गज खिलाड़ी होंगे शामिल।

**********

केन्द्र सरकार ने लोगों में खून और पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत सूक्ष्म पोषक तत्वों वाले चावल की आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसे वर्ष दो हजार अट्ठाइस तक जारी रखने का निर्णय किया है। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह समावेशी विकास और पोषण सुरक्षा की दिशा में उठाया गया कदम है।

***कैबिनेट में फैसला लिया गया कि 2024 से 2028 तक इस प्रोग्राम को चलाया जायेगा और 17082 करोड़ का इसमें इंवेस्टमेंट किया जायेगा। इसका पूरा खर्च केन्द्र सरकार वहन करेगी और इसमें ये इक्सप्रेक्टेशन है कि देश में एनीमिया और माइक्रोन्यूट्रियंट इफेसिएंसी ये दोनों बड़ी प्राबलम्स विशेष करके महिलाओं और वंचित वर्ग में एड्रेस किया जा सके।***

मंत्रिमण्डल के इस फैसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह फैसला एनीमिया मुक्त–कुपोषण मुक्त भारत के स्वप्न को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

**********

देश के जाने–माने उद्योगपति व टाटासंस के मानद प्रमुख रतन टाटा का कल रात निधन हो गया। वह छियासी वर्ष के थे। उन्होंने मुंबई के निजी अस्पताल में अन्तिम सांस ली। उनके निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई जनप्रतिनिधियों और उद्यमियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वर्ष दो हजार और दो हजार आठ में पद्विभूषण से सम्मानित श्री टाटा के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने एक्स पोस्ट पर लिखा है कि रतन टाटा के दुखद निधन से भारत ने एक ऐसे प्रतीक को खो दिया है जिसने राष्ट्र निर्माण कार्पोरेट विकास और नैतीकता के साथ उत्कृष्टता का मिश्रण किया। उन्होंने महान टाटा विरासत को आगे बढ़ाया व इसे और अधिक प्रभावशाली वैश्विक उपस्थिति प्रदान की। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर लिखा है कि रतन टाटा एक दूरदर्शी बिजनेश लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा है कि प्रख्यात उद्योगपति रतन टाटा का निधन अत्यन्त दुखद है वह भारतीय उद्योग जगत के महानायक थे। उनका जाना उद्योग जगत के लिये अपूरणीय क्षति है।

**********

प्रतापगढ़ के कुंडा के सीओ जियाउल हक हत्याकाण्ड में सीबीआई की विशेष अदालत ने कल ग्यारह साल बाद सभी दस दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक पर उन्नीस हजार पांच सौ रूपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुर्माने की आधी राशि सीओ की पत्नी परवीन आजाद को दी जायेगी। दोषियों में फूलचन्द्र यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम सरोज, रामलखन गौतम, छोटेलाल यादव, रामाश्रय, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी और जगत बहादुर पटेल का नाम शामिल हैं। इस बहुचर्चित काण्ड में तत्कालीन सपा सरकार में मंत्री रहे रघुराज प्रताप सिंह भी नामजद थे, जिन्हें जांच के बाद सीबीआई ने क्लीन चीट दे दी थी। सीओ जियाउल हक देवरिया जिला के खुखुन्दू थाना क्षेत्र के जुआफर गांव के रहने वाले थे।

**********

दो दिवसीय दौरे पर कल बलरामपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति जांची। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय और चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री आज तुलसीपुर स्थित शक्ति पीठ देवीपाटन मंदिर में दर्शन–पूजन के बाद गोरखपुर पहुंचेंगे।

**********

प्रदेश के दस विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव के लिये समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने छह सीटों पर कल पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। सपा अध्यक्ष ने करहल सीट से तेजप्रताप यादव, अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद और कानपुर की सीसामऊ सीट से पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह प्रयागराज की फूलपुर सीट से मुस्तफा सिद्दीकी, कटेहरी सीट से शोभावती वर्मा और मझवां सीट से ज्योति बिंद को पार्टी ने चुनाव मैदान में उतारा है।

**********

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कल विजयदशमी सहित आगामी त्योहारों को देखते हुए सभी मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से हुई बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि अधिकारी सतर्क रहें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने ना पाय। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों की अगुवाई में अलग अलग फोर्स के साथ ज्वाइंट पेट्रोलिंग की जाये। शहर के व्यस्त इलाकों और कस्बों में फ्लैग मार्च कराया जाए। यूपी एक सौ बारह की पीआरवी को निरन्तर भ्रमणशील रखा जाए और भड़काऊं भाषण देकर माहौल बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाए। मुख्य सचिव ने सोशल मीडिया पर भी लगातार नजर बनाये रखने का निर्देश दिया। वहीं पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने कहा कि भीड़भाड़ वाली जगहों की ड्रोन से मॉनिटरिंग की जाय और शोभायात्रा मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इतजाम किये जाएं।

**********

दीपावली पर अयोध्या और देव दीपावली पर काशी में भव्य दीपोत्सव की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। अयोध्या में पच्चीस लाख दीप प्रज्ज्वलित कर पिछले साल के विश्व कीर्तिमान को तोड़ने का लक्ष्य है। चार दिवसीय दीपोत्सव में सरयू के घाटों और राम की पैड़ी पर दीप जलाये जायेंगे। इसके लिये पर्यटन विभाग के नेतृत्व में सभी घाटों को सजाया–संवारा जा रहा है। दीपोत्सव का आरम्भ अट्ठाइस अक्टूब से होगा और मुख्य आयोजन तीस अक्टूबर को होना है।

उधर, देव दीपावली पर इस बार काशी के घाटों को बारह लाख दीपों से जगमगाने की तैयारी है। विश्व प्रसिद्ध काशी की देव दीपावली पन्द्रह नवंबर को मनाई जाएगी। वाराणसी पर्यटन विभाग के उपनिदेशक आर के रावत ने बताया कि इस वर्ष वोकल फॉर लोकल के तहत काशी के घाटों पर जगमगाने वाले दीए, स्थानीय लोगों और महिला स्वयं सहायता समूहों से लिए जाएंगे।

***इस बार हम इंटरनेशनल लेजर शो, इंटरनेशनल फायर क्रैकर शो करायेंगे। इसके अलावा 12 लाख दीपक जो घाटों पर सजेंगे। इस बार जन सहभागिता का बड़ा योगदान रहेगा, बड़ी संख्या में लोगों को शामिल करते हुए बहुत सारे एंजियों, बहुत सारे सोसायटी जो घाटों पर अपनी समितिया है, इसके अलावा लोगों का उसमें सहयोग रहेंगे और इस बार करीब 12 लाख दीपक होंगे, तीन लाख के आसपास गाय के गोबर के बने हुए जो श्रम सहायता समूह बनाती है उनके माध्यम से लेकर बनायेंगे।***

**********

लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में इक्कीस से सत्ताइस नवम्बर के बीच टी–ट्वेंटी इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के छः मैच खेले जाएंगे। इस लीग में सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, कुमार संगकारा ,शेन वॉटसन जैसे विश्व भर के दिग्गज खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे। लीग की शुरुआत सत्रह नवम्बर को मुंबई में होगी और फाइनल मैच आठ दिसम्बर को रायपुर में होगा। लखनऊ में पहला मैच भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा।

**********

प्रदेश सरकार ने आठ साल से अड़सठ जिलों के सात सौ अट्ठाइस प्रतिक्षारत चकबंदी लेखपालों को कानूनगो के पद पर पदोन्नत किया है।

**********